## Part – I / भाग – I

### General Studies / सामान्य अध्ययन

1. In a certain code language 'HIM-ACE' is written as 21. How will 'SIP-TAG' be written in that code language ?
   (a) 16 (b) 19
   (c) 12 (d) 14

2. The first Indian woman to win Mrs. Universe crown
   (a) Jeevika Jha (b) Sumona Chatterji
   (c) Promila Rani (d) Sherry Singh

3. Who presented the Nebular hypothesis, regarding the origin of the earth ?
   (a) Chamberlin (b) Jeffery
   (c) Laplace (d) Sir James Jeans

4. In the semi-arid regions of Rajasthan, what were the traditional underground tanks for storing drinking water called ?
   (a) Johads (b) Tankas
   (c) Khadins (d) Guls

5. Which of the following Indian festival has been included recently in UNESCO Intangible Cultural Heritage List ?
   (a) Onam (b) Deepawali
   (c) Holi (d) Pongal

6. When lead nitrate powder is heated in a boiling tube, brown fumes are evolved. These fumes are of
   (a) $O_2$ (b) NO
   (c) $NO_2$ (d) PbO

7. The definition of health as "a state of complete physical, mental and social well-being and not merely the absence of disease and infirmity" is given by
   (a) UNDP (b) FAO
   (c) WHO (d) UNICEF

1. किसी निश्चित कोड भाषा में 'HIM-ACE' को 21 लिखा जाता है । उसी कोड भाषा में 'SIP-TAG' को किस प्रकार लिखा जायेगा ?
   (a) 16 (b) 19
   (c) 12 (d) 14

2. मिसेज यूनीवर्स का ताज जीतने वाली प्रथम भारतीय महिला है
   (a) जीविका झा (b) सुमोना चटर्जी
   (c) प्रोमिला रानी (d) शेरी सिंह

3. पृथ्वी की उत्पत्ति से सम्बंधित निहारिका परिकल्पना किसने प्रस्तुत की ?
   (a) चैम्बरलिन (b) जेफरी
   (c) लाप्लास (d) सर जेम्स जीन्स

4. राजस्थान के अर्ध–शुष्क क्षेत्रों में पीने के पानी के भण्डारण के लिए पारम्परिक भूमिगत टैंकों को क्या कहा जाता है ?
   (a) जोहड (b) टंका
   (c) खादीन (d) गुल्स

5. यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में हालही में किस भारतीय त्यौहार को शामिल किया गया है ?
   (a) ओणम/ओनम (b) दीपावली
   (c) होली (d) पोंगल

6. जब लेड नाइट्रेट पावडर को एक क्वथन नली में गरम किया जाता है, भूरे रंग की फ्यूम्स निकलती है, ये फ्यूम्स है
   (a) $O_2$ (b) NO
   (c) $NO_2$ (d) PbO

7. स्वास्थ्य की परिभाषा जिसे ''सम्पूर्ण शारीरिक, मानसिक और सामाजिक कल्याण अवस्था के रूप में देखा जाता है और जो केवल रोग और दुर्बलता की अनुपस्थिति नहीं है'', दी गयी है
   (a) UNDP द्वारा (b) FAO द्वारा
   (c) WHO द्वारा (d) UNICEF द्वारा

8. Under which title has Dara Shikoh translated fifty two upanishads into Persian language ?
   (a) Risal-e-Haqnuma
   (b) Sirr-i-Akbar
   (c) Safinat-ul-Auliya
   (d) Majm-ul-Bahrin

*9.* Which one of the following is NOT properly matched ?
   (a) 44th Constitutional Amendment Act – Abolition of the Right to Property as Fundamental Right
   (b) 74th Constitutional Amendment Act – Centre-State Relations
   (c) 42nd Constitutional Amendment Act – Fundamental Duties
   (d) 73rd Constitutional Amendment Act – Panchayati Raj

10. Consider the following statements with reference to present Chief Justice of India.
   1. Present Chief Justice of India is Justice Surya Kant.
   2. Surya Kant is 52nd Chief Justice of India.

   Select the correct answer from the code given below :

   **Code :**
   (a) Both 1 and 2 (b) Neither 1 nor 2
   (c) Only 1 (d) Only 2

11. Which variety of coffee initially brought from Yemen, is produced in India and is in great demand worldwide ?
   (a) Arabica (b) Excelsa
   (c) Robusta (d) Liberica

*12.* Arrange the following Prime Ministers of India in chronological order of their tenure.
   1. Charan Singh
   2. V. P. Singh
   3. H. D. Deve Gowda
   4. P. V. Narasimha Rao

   (a) 1, 2, 4, 3 (b) 2, 1, 3, 4
   (c) 2, 3, 1, 4 (d) 1, 3, 4, 2

8. दारा शिकोह ने बावन उपनिषदों का फारसी भाषा में अनुवाद किस शीर्षक से किया ?
   (a) रिसाल-ए-हकनुमा
   (b) सिर्र-ए-अकबर
   (c) सफीनत-उल-औलिया
   (d) मज्म-उल-बहरीन

*9.* निम्न में से कौन एक सुमेलित **नहीं** है ?
   (a) 44 वाँ संविधान संशोधन अधिनियम – सम्पत्ति के अधिकार का मौलिक अधिकार के रूप में निरसन
   (b) 74 वाँ संविधान संशोधन अधिनियम – केन्द्र-राज्य सम्बन्ध
   (c) 42 वाँ संविधान संशोधन अधिनियम – मौलिक कर्तव्य
   (d) 73 वाँ संविधान संशोधन अधिनियम – पंचायती राज

10. भारत के वर्तमान मुख्य न्यायाधीश के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए ।
   1. न्यायमूर्ति सूर्य कान्त भारत के वर्तमान मुख्य न्यायाधीश हैं ।
   2. सूर्य कान्त भारत के 52 वें मुख्य न्यायाधीश हैं ।

   नीचे दिये गये कूट में से सही उत्तर चुनिए :

   **कूट :**
   (a) 1 और 2 दोनों (b) न तो 1 न ही 2
   (c) केवल 1 (d) केवल 2

11. कॉफी की कौन-सी किस्म, जो शुरू में यमन से लाई गयी थी, भारत में उत्पादित की जाती है और दुनिया भर में उसकी बहुत माँग है ?
   (a) अरेबिका (b) एक्सेल्सा
   (c) रोबस्टा (d) लिबेरिका

*12.* निम्नलिखित भारत के प्रधानमन्त्री को उनके कार्यकाल के कालानुक्रमिक क्रम में व्यवस्थित करें ।
   1. चरण सिंह
   2. वी. पी. सिंह
   3. एच. डी. देवेगौडा
   4. पी. वी. नरसिम्हा राव

   (a) 1, 2, 4, 3 (b) 2, 1, 3, 4
   (c) 2, 3, 1, 4 (d) 1, 3, 4, 2

13. Fill in the blank.
AI, EO, IU, ______, UE
(a) OI (b) OA
(c) OU (d) UA

14. Which of the following Academy was founded by the Ninth Century Abbasid Caliph Al-Mamun, which undertook the ambitious project of translating Greek, Persian and Sanskrit texts on Philosophy and Science into Arabic ?
(a) Al-Azhar Mosque and University
(b) Al-Nizamiyya
(c) Bayt-al-Hikmah
(d) Dar-al-Ilm

*15.* Given below are two statements, one is labelled as Assertion (A) and other as Reason (R).
**Assertion (A) :** Khadar soil is more fertile than Bangar soil.
**Reason (R) :** Khadar is new alluvial soil which has a higher concentration of fine particles and less kankar nodules.
Select the correct answer from the code given below :
**Code :**
(a) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A)
(b) (A) is false, but (R) is true
(c) Both (A) and (R) are true, (R) is the correct explanation of (A)
(d) (A) is true, but (R) is false

16. Which of the following is NOT correctly matched ?

| | **(Education Commission)** | **(Year)** |
|---|---|---|
| (a) | University Grants Commission | – 1953 |
| (b) | The Indian Universities Act | – 1917 |
| (c) | Radha Krishnan Commission | – 1948-49 |
| (d) | Sir Charles Wood's Despatch on Education | – 1854 |

*17.* In which region of the world are the highest number of volcanoes found ?
(a) Atlantic belt
(b) Circum pacific belt
(c) Mid continental belt
(d) Indian oceanic belt

13. रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए ।
AI, EO, IU, ______, UE
(a) OI (b) OA
(c) OU (d) UA

14. नौवीं सदी के अबासिद खलीफा अल-मामुन ने निम्न में से किस अकादमी की स्थापना की, जिसमें दर्शन और विज्ञान पर यूनानी, फारसी और संस्कृत के ग्रन्थों का अरबी में अनुवाद करने का महत्वाकांक्षी परियोजना को हाथ में लिया ?
(a) अल-अज़हर मस्जिद एवं विश्वविद्यालय
(b) अल-निज़ामिया
(c) बयत-अल-हिक्मा
(d) दार-अल-इल्म

15. नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिसमें से एक को अभिकथन (A) तथा दूसरे को कारण (R) कहा गया है ।
**अभिकथन (A) :** खादर मिट्टी, बाँगर मिट्टी की तुलना में अधिक उपजाऊ होती है ।
**कारण (R) :** खादर नई जलोढ़ मिट्टी है जिसमें महीन कणों की सांद्रता अधिक और कंकड ग्रन्थियाँ कम होती हैं ।
नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर चुनें :
**कूट :**
(a) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है
(b) (A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है
(c) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, (R), (A) की सही व्याख्या है
(d) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है

16. निम्नलिखित में से कौन-सा सही सुमेलित **नहीं** है ?

| | **(शिक्षा आयोग)** | **(वर्ष)** |
|---|---|---|
| (a) | विश्वविद्यालय अनुदान आयोग | – 1953 |
| (b) | भारतीय विश्वविद्यालय अधिनियम | – 1917 |
| (c) | राधा कृष्णन आयोग | – 1948-49 |
| (d) | शिक्षा पर सर चार्ल्स वुड्स डिस्पैच | – 1854 |

*17.* विश्व के किस क्षेत्र में सर्वाधिक ज्वालामुखी पाए जाते हैं ?
(a) अन्ध महासागरीय मेखला
(b) परिप्रशान्त महासागरीय मेखला
(c) मध्य महाद्वीपीय मेखला
(d) हिन्द महासागरीय मेखला

18. Where was U.N. Climate Summit, COP30 held ?
(a) China (b) Indonesia
(c) Brazil (d) Nigeria

19. How many members does the President of India nominate in Rajya Sabha ?
(a) 12 members (b) 20 members
(c) 15 members (d) 10 members

20. When and where did the first session of the Indian National Congress take place and how many delegates participated in it ?
(a) December 1880, Bombay, 70 delegates
(b) December 1885, Bombay, 72 delegates
(c) December 1885, Bombay, 69 delegates
(d) December 1885, Calcutta, 72 delegates

21. Recent terminology used for repayment of public debt that is preferred, is
(a) Transfer moratorium
(b) Return of public debt
(c) Suspension of payments
(d) Repudiation

22. Which gas is responsible for the greenhouse effect ?
(a) Carbon dioxide (b) Nitrogen
(c) Oxygen (d) Hydrogen

23. The Viksit Bharat Guarantee for Rozgar and Ajeevika Mission (Gramin) Act, 2025 (VB-G RAM G Bill 2025), represents a significant upgrade over MGNREGA because in MGNREGA
A. Structural weaknesses
B. Not able to enhance rural employment
C. Absence of transparency and planning
D. Absence of accountability
Select the correct answer from the code given below :
**Code :**
(a) C and D (b) All of the above
(c) A and B (d) B and C

18. संयुक्त राष्ट्र जलवायु शिखर सम्मेलन, COP30 कहाँ सम्पन्न हुई ?
(a) चीन (b) इन्डोनेशिया
(c) ब्राजील (d) नाइजीरिया

19. भारत का राष्ट्रपति राज्यसभा में कितने सदस्य मनोनीत करता है ?
(a) 12 सदस्य (b) 20 सदस्य
(c) 15 सदस्य (d) 10 सदस्य

20. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का पहला अधिवेशन कब और कहाँ हुआ तथा इसमें कितने प्रतिनिधियों ने भाग लिया ?
(a) दिसम्बर 1880, बम्बई, 70 प्रतिनिधि
(b) दिसम्बर 1885, बम्बई, 72 प्रतिनिधि
(c) दिसम्बर 1885, बम्बई, 69 प्रतिनिधि
(d) दिसम्बर 1885, कलकत्ता, 72 प्रतिनिधि

21. सार्वजनिक ऋण के पुनर्भुगतान के लिए आजकल प्रयुक्त शब्दावली जिसे प्राथमिकता दी जाती है, वह है
(a) स्थानांतरण स्थगन
(b) सार्वजनिक ऋण की वापसी
(c) भुगतान का निलम्बन
(d) अस्वीकृति

22. ग्रीनहाउस प्रभाव (हरितगृह प्रभाव) के लिए कौन-सी गैस जिम्मेदार है ?
(a) कार्बन डाईऑक्साइड (b) नाइट्रोजन
(c) ऑक्सीजन (d) हाइड्रोजन

23. विकसित भारत गारन्टी रोज़गार आजिविका मिशन (ग्रामीण) अधिनियम, 2025 (VB-G RAM G Bill 2025), MGNREGA की तुलना में एक महत्वपूर्ण उन्नयन का प्रतिनिधित्व करता है, क्योंकि MGNREGA में
A. संरचनात्मक कमजोरियाँ
B. ग्रामीण रोजगार बढ़ाने में असमर्थ
C. पारदर्शिता और योजना का अभाव
D. जवाबदेही का अभाव
नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर चुनें :
**कूट :**
(a) C एवं D (b) उपरोक्त सभी
(c) A एवं B (d) B एवं C

24. Which Constitutional authority determines the disqualification of MP's of Lok Sabha under the 10th Schedule ?
(a) President
(b) Speaker of the Lok Sabha
(c) Election Commission
(d) Supreme Court

25. Which of the following best explains the concept of sustainable development ?
(a) Development that meets present needs without harming future needs
(b) Development controlled by international institutions
(c) Development without using natural resources
(d) Development focused only on economic growth

*26.* The terms Micro-Economics and Macro-Economics were first coined by
(a) Alfred Marshall (b) J. M. Keynes
(c) Ragnar Frisch (d) Adam Smith

27. When and where was Guru Nanak Ji, the founder of Sikhism born ?
(a) 1489, Talwandi (b) 1489, Amritsar
(c) 1469, Talwandi (d) 1479, Amritsar

28. Bhagat Singh was the founding Secretary of which of the following organisation ?
(a) Punjab Naujawan Bharat Sabha
(b) Kirti Kisan Party
(c) Lahore Student's Union
(d) H.S.R.A.

*29.* First Indian astronaut who visited International Space Station is
(a) Kalpana Chawla (b) Shubhanshu Shukla
(c) Rakesh Sharma (d) Raja Chari

30. The Cultural and Educational Right in Indian Constitution is guaranteed by the following
(a) Art. 29 and Art. 30
(b) Art. 28 and Art. 29
(c) Art. 27 and Art. 28
(d) None of the above

24. कौन–सा संवैधानिक प्राधिकारी 10 वीं अनुसूची के तहत लोकसभा सांसदों की अयोग्यता का निर्धारण करता है ?
(a) राष्ट्रपति
(b) लोकसभा का अध्यक्ष
(c) चुनाव आयोग
(d) उच्चतम न्यायालय

25. निम्नलिखित में से कौन सतत विकास की अवधारणा को सबसे अच्छी तरह से समझाता है ?
(a) वर्तमान आवश्यकताओं को पूरा करते हुए भविष्य की आवश्यकताओं को नुकसान पहुंचाए बिना विकास
(b) अन्तरराष्ट्रीय संस्थाओं द्वारा नियंत्रित विकास
(c) प्राकृतिक संसाधनों के प्रयोग के बिना विकास
(d) केवल आर्थिक विकास पर आधारित विकास

*26.* व्यष्टि–अर्थशास्त्र तथा समष्टि–अर्थशास्त्र का सर्वप्रथम निर्माण किसने किया ?
(a) अल्फ्रेड मार्शल (b) जे. एम. कीन्स
(c) रेग्नर फ्रिश (d) एडम स्मिथ

27. सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक जी का जन्म कब और कहाँ हुआ था ?
(a) 1489, तलवंडी (b) 1489, अमृतसर
(c) 1469, तलवंडी (d) 1479, अमृतसर

28. भगत सिंह निम्नलिखित में से किस संस्था के संस्थापक सचिव थे ?
(a) पंजाब नौजवान भारत सभा
(b) कीर्ति किसान पार्टी
(c) लाहौर छात्र संघ
(d) एच.एस.आर.ए.

*29.* अन्तर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की यात्रा करने वाले पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री है
(a) कल्पना चावला (b) शुभांशु शुक्ला
(c) राकेश शर्मा (d) राजा चारी

30. भारतीय संविधान में संस्कृति और शिक्षा सम्बंधी अधिकार निम्न द्वारा प्रदान किया गया है
(a) अनु. 29 और अनु. 30
(b) अनु. 28 और अनु. 29
(c) अनु. 27 और अनु. 28
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

## Part – II / भाग – II

## Political Science / राजनीति विज्ञान

*31.* According to the structural-functional approach. Which of the following is NOT an 'input function' of the political system ?

(a) Political Socialization

(b) Political Communication

(c) Political Development

(d) Interest Aggregation

32. Consider the following statements with reference to Kautilya :

1. Kautilya was the supporter of a strong monarchy.
2. His state was to be paternal in character and benevolent in spirit.
3. Kautilya identified five purposes of Dandaniti.
4. Arthashastra was the first manual on statecraft and the art of administration.

**Code :**

(a) Only 2 and 4

(b) Only 1, 2 and 4

(c) Only 1

(d) Only 1, 3 and 4

*33.* How many Articles are there in the Universal Declaration of Human Rights ?

(a) 30 Articles

(b) 105 Articles

(c) 20 Articles

(d) 95 Articles

*31.* संरचनात्मक-प्रकार्यात्मक उपागम के अनुसार निम्नलिखित में से कौन राजनीतिक व्यवस्था के 'निवेश कार्य' **नहीं** है ?

(a) राजनीतिक समाजीकरण

(b) राजनीतिक संचारण

(c) राजनीतिक विकास

(d) हित समूहीकरण

32. कौटिल्य के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. कौटिल्य मजबूत राजतंत्र का समर्थक था ।
2. उसका राज्य प्रकृति से पैतृक तथा आत्मा से दयालू था ।
3. कौटिल्य ने दण्डनीति के पाँच प्रयोजनों की पहचान की ।
4. अर्थशास्त्र राज्य शासन तथा प्रशासन कला कौशल की पहली निर्देश पुस्तिका थी ।

**कूट :**

(a) केवल 2 और 4

(b) केवल 1, 2 और 4

(c) केवल 1

(d) केवल 1, 3 और 4

*33.* मानव अधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा में कितने अनुच्छेद हैं ?

(a) 30 अनुच्छेद

(b) 105 अनुच्छेद

(c) 20 अनुच्छेद

(d) 95 अनुच्छेद

34. Match List – I with List – II.

| List – I (Events) | List – II (Year) |
|---|---|
| A. Marshal Plan | I. 1972 |
| B. UN Peace keeping Mission to Suez Canal | II. 1948 |
| C. Establishment of UNDP | III. 1965 |
| D. Establishment of UNEP | IV. 1956 |

Choose the correct answer from the code given below :

**Code :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | I | II | III | IV |
| (b) | III | IV | I | II |
| (c) | II | IV | III | I |
| (d) | II | III | IV | I |

34. सूची – I को सूची – II से सुमेलित कीजिए ।

| सूची – I (घटनायें) | सूची – II (वर्ष) |
|---|---|
| A. मार्शल योजना | I. 1972 |
| B. स्वेज नहर में यू.एन. शान्ति बहाली मिशन | II. 1948 |
| C. संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम की स्थापना | III. 1965 |
| D. संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम की स्थापना | IV. 1956 |

नीचे दिये गये कूट में से सही उत्तर का चयन करें :

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | I | II | III | IV |
| (b) | III | IV | I | II |
| (c) | II | IV | III | I |
| (d) | II | III | IV | I |

35. On the basis of which Constitutional Amendment was the National Commission for Scheduled Caste and Scheduled Tribes established ?

(a) 65th Amendment (b) 69th Amendment
(c) 64th Amendment (d) 66th Amendment

35. किस संवैधानिक संशोधन के आधार पर अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति राष्ट्रीय आयोग की स्थापना की गई है ?

(a) 65 वाँ संशोधन (b) 69 वाँ संशोधन
(c) 64 वाँ संशोधन (d) 66 वाँ संशोधन

36. Who among the following denounced natural rights as "rhetorical non-sense upon stilts" ?

(a) J. S. Mill (b) Jeremy Bentham
(c) T. H. Green (d) Harold Laski

36. निम्न में से किसने प्राकृतिक अधिकारों को ''पाखंडपूर्ण अलंकारिक बकवास'' कहकर खारिज किया है ?

(a) जे. एस. मिल (b) जेरेमी बेंथम
(c) टी. एच. ग्रीन (d) हेरोल्ड लास्की

37. "Every state is known by the right that it maintains." In which one of his following book Harold J. Laski made this observation ?

(a) A Grammar of Politics
(b) The Dilemma of Our Times
(c) Liberty in the Modern State
(d) Democracy in Crisis

37. ''प्रत्येक राज्य उसके द्वारा बनाये गये अधिकारों से जाना जाता है ।'' निम्नलिखित में से किस एक पुस्तक में हेरोल्ड जे. लास्की ने यह अवलोकन किया ?

(a) ए ग्रामर आफ पालिटिक्स
(b) द ड़िलेमा ऑफ आवर टाइम्स
(c) लिबर्टी इन द मॉडर्न स्टेट
(d) डेमोक्रेसी इन क्राइसिस

38. All India Trade Union Congress is held in 1920 under the Presidentship of
(a) Bipin Chandra Pal
(b) V. D. Savarkar
(c) Lala Lajpat Rai
(d) Bal Gangadhar Tilak

39. What are the constituent elements in the formation of political culture ?
1. Historical development
2. Geographical conditions
3. Political instability
4. No belief in religion
5. Social and Economic structure

Choose correct answer :
(a) 1, 2 and 3 (b) 3, 4 and 5
(c) 1, 2 and 5 (d) 2, 3 and 4

40. Match List – I with List – II and choose the correct answer from the code given below.

| **List – I (Thinker)** | **List – II (Idea)** |
|---|---|
| A. Hobbes | 1. Proportional representative |
| B. Locke | 2. Popular sovereignty |
| C. Rousseau | 3. Constitutional rule |
| D. J.S. Mill | 4. Absolutism |

**Code :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (b) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (c) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (d) | 2 | 1 | 3 | 4 |

41. Consider the following statement :
I. Prof. Harendra Coomar Mookerjee was elected as Vice-President of the Constituent Assembly on 11 December 1946.
II. B. N. Rau was appointed as constitutional Advisor. He was a member of Constituent Assembly.
III. Jawaharlal Nehru moved the 'Objective Resolution' on 13 December 1946.
IV. The objective resolution provided terms of reference to the Constituent Assembly.

Select the correct answer from the code given below.

**Code :**
(a) I, III, IV (b) I, II, III, IV
(c) II, III, IV (d) I, II, IV

38. अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस की स्थापना 1920 में किसकी अध्यक्षता में हुई ?
(a) विपिन चन्द्र पाल
(b) वी. डी. सावरकर
(c) लाला लाजपत राय
(d) बाल गंगाधर तिलक

39. राजनीतिक संस्कृति के निर्माणकारी तत्व कौन-से हैं ?
1. ऐतिहासिक विकास
2. भौगोलिक स्थिति
3. राजनीतिक अस्थिरता
4. धर्म में विश्वास नहीं
5. सामाजिक और आर्थिक संरचना

सही उत्तर चुनिए :
(a) 1, 2 और 3 (b) 3, 4 और 5
(c) 1, 2 और 5 (d) 2, 3 और 4

40. सूची – I को सूची – II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए ।

| **सूची – I (विचारक)** | **सूची – II (विचार)** |
|---|---|
| A. हाब्स | 1. आनुपातिक प्रतिनिधित्व |
| B. लॉक | 2. लोकप्रिय संप्रभुता |
| C. रूसो | 3. संवैधानिक शासन |
| D. जे.एस. मिल | 4. निरंकुशतावाद |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (b) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (c) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (d) | 2 | 1 | 3 | 4 |

41. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
I. 11 दिसम्बर 1946 को प्रो. हरेन्द्र कुमार मुकर्जी संविधान सभा के उपाध्यक्ष चुने गये ।
II. बी. एन. राव संवैधानिक सलाहकार नियुक्त किये गये । वे संविधान सभा के सदस्य थे ।
III. जवाहरलाल नेहरू ने 13 दिसम्बर 1946 को उद्देश्य प्रस्ताव प्रस्तुत किया ।
IV. उद्देश्य प्रस्ताव संविधान सभा के लिए विचारार्थ विषय बना ।

नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए ।

**कूट :**
(a) I, III, IV (b) I, II, III, IV
(c) II, III, IV (d) I, II, IV

42. When A. D. Gorewala Committee submitted its report regarding Public Services to Government of India ?

(a) 1951 (b) 1955
(c) 1957 (d) 1953

43. The example of New Social Movement is

A. 'Women versus Man'
B. 'Black versus White'
C. 'Peasant versus Landlord'
D. 'Worker versus Capitalist'

Choose the correct answer from the option given below.

(a) A and B (b) C and D
(c) A, C and D (d) B, C and D

44. Which among the following ideologies proposed that the institution of private property be abolished and replaced by the common ownership of productive wealth ?

(a) Anarchism (b) Individualism
(c) Socialism (d) Idealism

45. Given below are two statements, one is labelled as Assertion (A) and other as Reason (R).

**Assertion (A) :** Luther Gullick and Lyndall Urwick defined the managerial technique by the word POSDCORB.

**Reason (R) :** Mary Parker Follet defined organisation as a social system and management as a social process.

Select the correct answer from the code given below :

**Code :**

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is correct explanation of (A)
(b) (A) is false, but (R) is true
(c) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A)
(d) (A) is true, but (R) is false

42. लोकसेवाओं से संबंधित ए. डी. गोरवाला समिति ने भारत सरकार को अपनी रिपोर्ट कब सौंपी ?

(a) 1951 (b) 1955
(c) 1957 (d) 1953

43. नये सामाजिक आंदोलन का उदाहरण है

A. 'स्त्री बनाम पुरुष'
B. 'अश्वेत बनाम श्वेत'
C. 'किसान बनाम ज़मींदार'
D. 'कामगार बनाम पूँजीपति'

नीचे दिये गये विकल्पों से सही उत्तर का चयन करें ।

(a) A और B (b) C और D
(c) A, C और D (d) B, C और D

44. निम्नलिखित में से कौन-सी विचारधारा यह प्रस्ताव करती है कि निजी सम्पत्ति की संस्था को समाप्त कर दिया जाये और उत्पादन सम्पदा का स्वामित्व समुदाय के पास हो ?

(a) अराजकतावाद (b) व्यक्तिवाद
(c) समाजवाद (d) आदर्शवाद

45. नीचे दो कथन दिए गये हैं, एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) के रूप में लेबल किया गया है ।

**अभिकथन (A) :** लूथर गुलिक और लिंडाल उर्विक ने प्रबन्धकीय तकनीक को POSDCORB शब्द से परिभाषित किया ।

**कारण (R) :** मैरी पार्कर फोलेट ने संगठन को एक सामाजिक प्रणाली और प्रबंधन को एक सामाजिक प्रक्रिया के रूप में परिभाषित किया ।

नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर चुनिये :

**कूट :**

(a) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है
(b) (A) गलत है, लेकिन (R) सही है
(c) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है
(d) (A) सही है, लेकिन (R) गलत है

46. 'Democracy means tolerance, tolerance not merely of those who agree with us, but of those also who do not agree with us.'
Who of the following said this ?
(a) J.L. Nehru
(b) M. K. Gandhi
(c) Jayaprakash Narayan
(d) M. N. Roy

47. Consider the following statements regarding representative democracy and select the correct option.
A. It offers a practicable form of democracy for large countries.
B. It establishes a link between the government and the governed.
C. It obliterates the distinction between the government and the people.
D. It advocates a classless society.
Choose the correct answer from the code given below :
**Code:**
(a) B and D (b) D and A
(c) A and B (d) C and D

48. Consider the essential function of the General Assembly, the principal organ of the United Nation.
1. To pass the United Nation Budget.
2. To consider reports from the security council and other organisation.
3. To grant human rights and fundamental freedoms to every person, regardless of language.
4. To keep watch on the trusteeship council.
Choose correct answer from code :
**Code :**
(a) 2 and 3 (b) 1, 2 and 4
(c) 1 and 3 (d) 2, 3 and 4

46. 'प्रजातंत्र मतलब सहिष्णुता, सहिष्णुता केवल उनके लिए नहीं जो हमसे सहमत है, बल्कि उनके लिए भी जो हमसे सहमत नहीं है ।'
निम्नलिखित में से किसने यह कहा था ?
(a) जे. एल. नेहरू
(b) एम. के. गाँधी
(c) जयप्रकाश नारायण
(d) एम. एन. राय

47. प्रतिनिधात्मक लोकतंत्र के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें तथा सही विकल्पों का चयन करें ।
A. यह विशाल देशों के लिए लोकतंत्र का व्यवहार्य स्वरूप प्रदान करता है ।
B. यह सरकार और शासित के मध्य सम्पर्क स्थापित करता है ।
C. यह सरकार एवं शासित के मध्य अंतर को मिटा देता है ।
D. यह वर्गविहीन समाज की वकालत करता है ।
नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :
**कूट :**
(a) B और D (b) D और A
(c) A और B (d) C और D

48. संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रमुख अंग-जनरल असेंबली के अनिवार्य कार्य पर विचार कीजिए ।
1. संयुक्त राष्ट्र संघ का बजट पास करना ।
2. सुरक्षा परिषद तथा अन्य संगठनों की रिपोर्ट पर विचार करना ।
3. प्रत्येक व्यक्ति को बिना भाषा के आधार पर मानव अधिकार तथा मौलिक स्वतंत्रता प्रदान करना ।
4. न्याय परिषद पर नजर रखना ।
कूट से सही उत्तर चुनिए :
**कूट :**
(a) 2 और 3 (b) 1, 2 और 4
(c) 1 और 3 (d) 2, 3 और 4

49. The Book 'Power and International Relations' is written by
(a) Palmer and Perkins
(b) Hans J. Margenthou
(c) Inis Claude
(d) Walter Lipmann

***50.*** Match List – I with List – II and choose the correct answer by using the code given below :

| List – I (Theorist) | List – II (Nationality) |
|---|---|
| A. Vilfredo Pareto | 1. French |
| B. Michael Oakeshott | 2. Italian |
| C. Pierre-Joseph Proudhon | 3. British |
| D. Robert Nozick | 4. American |

**Code :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (c) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (d) | 4 | 3 | 2 | 1 |

51. Consider the following Vice-President of India and arrange them in correct chronological order starting from the earliest to the last.
I. G. S. Pathak
II. Zakir Hussain
III. Krishna Kant
IV. Mohammad Hidayatullah
Select the correct answer from the code given below.
**Code :**
(a) I, III, II, IV (b) III, I, II, IV
(c) II, I, IV, III (d) IV, III, I, II

***52.*** When the President of India resign, he/she address resignation letter to
(a) The Chief Justice of India
(b) The Attorney General of India
(c) The Prime Minister of India
(d) The Vice-President of India

49. पुस्तक 'पावर एण्ड इन्टरनेशनल रिलेशन्स' ______ द्वारा लिखी गयी है ।
(a) पॉमर और पर्किन्स
(b) हंस जे. मोर्गेंथाऊ
(c) आइनिस क्लाड
(d) वाल्टर लिपमैन

***50.*** सूची – I को सूची – II से सुमेलित करें एवं निम्न में दिये गये कूट का चयन कर सही उत्तर चुनें :

| सूची – I (सिद्धान्तवादी) | सूची – II (राष्ट्रीयता) |
|---|---|
| A. विल्फ्रेडो परेटो | 1. फ्रेंच |
| B. माइकल ओकशॉट | 2. इटालियन |
| C. पिएर जोसेफ प्राउड्ऑन | 3. ब्रिटिश |
| D. राबर्ट नोज़िक | 4. अमेरिकन |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (c) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (d) | 4 | 3 | 2 | 1 |

51. भारत के निम्नलिखित उपराष्ट्रपतियों पर विचार कीजिए तथा इन्हें सही कालानुक्रम में व्यवस्थित कीजिए, सबसे पहले से लेकर आखिरी तक ।
I. जी. एस. पाठक
II. जाकिर हुसैन
III. कृष्ण कांत
IV. मोहम्मद हिदायतुल्लाह
नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए ।
**कूट :**
(a) I, III, II, IV (b) III, I, II, IV
(c) II, I, IV, III (d) IV, III, I, II

***52.*** जब भारत का राष्ट्रपति त्यागपत्र देता है, तो वह अपना त्यागपत्र किसे सम्बोधित करता है ?
(a) भारत का मुख्य न्यायाधीश
(b) भारत का महान्यायवादी
(c) भारत का प्रधानमंत्री
(d) भारत का उपराष्ट्रपति

53. Given below are two statements, one is labeled as Assertion (A) and other as Reason (R).

**Assertion (A)** : India's tendency in the international order is to seek desirable recognition and legitimate representation in international organisations.

**Reason (R)** : India can offer four possible competing vision and roles towards the present international system.

Select the correct answer from the code given below :

**Code :**

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)

(b) (A) is false, but (R) is true

(c) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A)

(d) (A) is true, but (R) is false

54. Which one of the following pairs (Approaches of International Relations and Proponent) is NOT correctly matched ?

(a) Critical Approach – Robert Cox

(b) Feminist Approach – Cynthia Enloe

(c) Post Modernist Approach – Richard Asley

(d) Historical Sociological Approach – J. Ann Tickner

55. The Behavioural revolution in comparative politics emphasizes

(a) Study of observable political behaviour and empirical data

(b) Study of historical events

(c) Study of Constitutions

(d) Study of philosophical ideas

53. नीचे दो कथन दिये गये हैं, जिसमें से एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है ।

**अभिकथन (A)** : अन्तर्राष्ट्रीय व्यवस्था में भारत की प्रवृत्ति अन्तर्राष्ट्रीय संगठनों में बांधनीय मान्यता और वैध प्रतिनिधित्व प्राप्त करने की है ।

**कारण (R)** : भारत वर्तमान अन्तर्राष्ट्रीय व्यवस्था में चार संभव प्रतिस्पर्धी दृष्टि एवं भूमिका प्रदान कर सकता है ।

नीचे दिये गये कूट का उपयोग करके सही उत्तर का चयन कीजिए :

**कूट :**

(a) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है

(b) (A) गलत है, किन्तु (R) सत्य है

(c) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, किन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है

(d) (A) सत्य है, किन्तु (R) गलत है

54. निम्नलिखित में कौन-सा युग्म (अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्ध के दृष्टिकोण एवं प्रतिपादक) सही सुमेलित **नहीं** है ?

(a) आलोचनात्मक दृष्टिकोण – राबर्ट कॉक्स

(b) नारीवादी दृष्टिकोण – सिंथिया एनलो

(c) उत्तर आधुनिकतावादी दृष्टिकोण – रिचर्ड एशले

(d) ऐतिहासिक समाजशास्त्रीय दृष्टिकोण – जे. एन. टिकनर

55. तुलनात्मक राजनीति में व्यवहारवादी क्रान्ति ने बल दिया

(a) प्रेक्षणीय राजनीतिक व्यवहार एवं अनुभवजन्य आंकड़ों के अध्ययन पर

(b) ऐतिहासिक घटनाओं के अध्ययन पर

(c) संविधान के अध्ययन पर

(d) दार्शनिक विचारों के अध्ययन पर

56. 'Two round system' elections are mostly used in
(a) UK and USA
(b) Scandinavian countries
(c) France
(d) India and Pakistan

57. "The concept of National Interest is linked to the fundamental values of society" who said ?
(a) Mahendra Kumar
(b) Padal Ford and Lincoln
(c) Pal Sibri
(d) None of these

58. Human Rights got philosophical treatment in various philosophers work. Which one among the following philosophers and his work is NOT in synk with ?

| | | |
|---|---|---|
| (a) | J. S. Mill | – On liberty |
| (b) | Thoreau | – Civil disobedience |
| (c) | Thomas Paine | – The Rights of Man |
| (d) | Machiavelli | – The prince |

59. Regarding Jay Prakash Narayan, consider the following statements.
1. He was initially influenced by Marxist socialism.
2. Later he moved closer to Gandhian Philosophy.
3. He rejected democracy as western concept.
4. He supported decentralised participatory democracy.

Which of the above statements are correct ?
(a) 1 and 3 (b) 1, 2, 3 and 4
(c) 1, 2 and 4 (d) 2 and 3

56. 'दो चरणीय निर्वाचन' मुख्यत: कहाँ प्रयुक्त होते हैं ?
(a) यू. के. एवं यू. एस. ए.
(b) स्कैंडेनेवियाई देशों में
(c) फ्रांस
(d) भारत एवं पाकिस्तान

57. "राष्ट्रीय हित की अवधारणा समाज के मूलभूत मूल्यों से जुड़ी हुई है ।" किसने कहा है ?
(a) महेन्द्र कुमार
(b) पैडल फोर्ड और लिंकन
(c) पॉल सीबरी
(d) इनमें से कोई नहीं

58. मानव अधिकारों को विभिन्न दार्शनिकों के कार्यों में दार्शनिक परामर्श मिला । निम्नलिखित में से कौन एक दार्शनिक और उसका कार्य सुसंगत **नहीं** है ?

| | | |
|---|---|---|
| (a) | जे. एस. मिल | – ऑन लिबर्टी |
| (b) | थोरो | – सिविल डिसओबिडियंस |
| (c) | थॉमस पेन | – द राइट्स ऑफ मैन |
| (d) | मैकियावेली | – द प्रिंस |

59. जय प्रकाश नारायण के सन्दर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए ।
1. वे प्रारम्भ में मार्क्सवादी समाजवाद से प्रभावित थे ।
2. बाद में वे गांधीवादी दर्शन के अधिक निकट आए ।
3. उन्होंने लोकतंत्र को पश्चिमी अवधारणा मानकर अस्वीकार किया ।
4. उन्होंने विकेन्द्रीकृत सहभागी लोकतंत्र का समर्थन किया ।

निम्न में से सही कथन कौन-से हैं ?
(a) 1 और 3 (b) 1, 2, 3 और 4
(c) 1, 2 और 4 (d) 2 और 3

**60.** On the recommendation of which plan the Indian Constitutent Assembly was established ?

(a) Wavell Plan

(b) Mountbatten Plan

(c) Cripps Plan

(d) Cabinet Mission Plan

61. Match List – I with List – II and select the correct answer from the code given below.

| List - I (Handbook) | List – II (Author) |
|---|---|
| A. Handbook of Human Resource Management in Government | 1. John J. Gagan |
| B. Handbook of Administrative Ethics | 2. Stephen E. Gondrey |
| C. Handbook of Public Law and Administration | 3. Terry L. Cooper |
| D. Handbook of Local Government Administration | 4. Philip J. Cooper and Chister A. Newland |

**Code :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (c) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (d) | 4 | 3 | 2 | 1 |

**62.** Which of the following are correctly matched ?

A. International Court of Justice – The Hague

B. World Health Organisation – London

C. International Criminal Court – Rome

D. Human Rights Council – Geneva

Choose the correct answer from the options given below :

(a) A and C (b) A and D

(c) A and B (d) B and D

**60.** किस योजना की सिफारिश पर भारतीय संविधान सभा का गठन किया गया ?

(a) वेवल योजना

(b) माउंटबेटन योजना

(c) क्रिप्स योजना

(d) कैबिनेट मिशन योजना

61. सूची – I को सूची – II से सुमेलित करें तथा निम्न में दिये गये कूट से सही उत्तर का चयन करें ।

| सूची – I (हैण्डबुक) | सूची – II (लेखक) |
|---|---|
| A. हैण्डबुक ऑफ ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट इन गवर्नमेन्ट | 1. जॉन. जे. गगन |
| B. हैण्डबुक ऑफ एडमिनिस्ट्रेटिव एथिक्स | 2. स्टीफन ई. गोन्ड्रे |
| C. हैण्डबुक ऑफ पब्लिक लॉ एण्ड एडमिनिस्ट्रेशन | 3. टेरी एल. कूपर |
| D. हैण्डबुक ऑफ लोकल गवर्नमेन्ट एडमिनिस्ट्रेशन | 4. फिलिप जे. कूपर एवं चिस्टर ए. नीवलैण्ड |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (c) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (d) | 4 | 3 | 2 | 1 |

**62.** निम्नलिखित में से कौन-सा सही सुमेलित है ?

A. न्याय का अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय – द हेग

B. विश्व स्वास्थ्य संगठन – लंदन

C. अन्तर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय – रोम

D. मानव अधिकार परिषद – जिनेवा

नीचे दिये गये विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए :

(a) A और C (b) A और D

(c) A और B (d) B और D

63. Civil liberty, according to Barker, does NOT include

(a) Freedom of thought, expression and belief
(b) Freedom of contract
(c) Physical freedom from threat to life
(d) Freedom to pursue happiness

*64.* Which of the following pairs are NOT correctly matched ?

(a) Freedom of religion – Article 25
(b) Right against self-incrimination – Article 20(3)
(c) Equality before law – Article 14
(d) Out lawing of untouchability – Article 15

65. Rights are creations of the state. This comes under which theory of right ?

(a) Legal theory of rights
(b) Idealistic theory of rights
(c) Theory of natural rights
(d) Historical theory of rights

*66.* For how long can the terms of the Lok Sabha be extended during an emergency ?

(a) 1 year (at a time)
(b) Unlimited until the end of the emergency
(c) 6 months
(d) 2 years

67. Which one of the following pairs (statement and author) is NOT correctly matched ?

(a) The highest right over the individual, whose highest duty in turn is to be a member of the state – Hegel
